लोक सभा अध्यक्ष ने भारतीय सेना के "ऑपरेशन सद्भावना" की सराहना की

नई दिल्ली, 25 नवम्बर, 2014: श्रीनगर में भारतीय सेना की चिनार कोर के अंतर्गत 64वीं फील्ड रेजीमेंट द्वारा आयोजित "ऑपरेशन सद्भावना" के अंतर्गत दिल्ली की यात्रा पर आए आर्मी गुडविल हाई स्कूल (ज़िरान, बारामूला, जम्मू और कश्मीर) की 20 छात्राओं के एक दल ने आज संसद भवन में लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन से मुलाकात की ।

"ऑपरेशन सद्भावना" में निहित भावना की प्रशंसा करते हुए श्रीमती महाजन ने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों को राष्ट्रीय जीवन के विभिन्न पहलुओं के बारे में अवगत कराने के लिए ऐसी और यात्राओं का आयोजन किया जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि ऐसी यात्राओं से जम्मू और कश्मीर के बच्चों का देश के अन्य भागों के बच्चों के साथ मेल-जोल बढ़ेगा तथा अपने देश के बारे में जानने, नए अनुभव प्राप्त करने, नये मित्र बनाने और ज्ञानवर्द्धन का अवसर मिलेगा । उन्होंने बच्चों से यह भी कहा कि वे जीवन में ऊँचे लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अधिकाधिक पुस्तकें पढ़ें ।

"ऑपरेशन सद्भावना" जम्मू और कश्मीर के निवासियों को राष्ट्रीय मुख्य धारा में लाने का भारतीय सेना का सराहनीय प्रयास है ।